(b) and (c) These cases could not be finalised due to various resons, such as non-receipt of clarification documents called for from the applicant, State Government, Jail authorities, etc. All efforts are being made to finalise these cases expeditiously.

पाकिस्तान में गुरुद्वारे की जमीन खतरे में

1600. **श्री राम जेठमलानी :**
डा० जितेन्द्र कुमार जैन :

क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 6 मई, 1990 के "टाइम्स आफ इंडिया" में "पाक गुरुद्वारा लैंड इन जियोपारडी" शीर्षक के अन्तर्गत प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) क्या सरकार ने इस गुरुद्वारे की जमीन के बारे में तथ्यों की जानकारी प्राप्त की है ;

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और क्या सरकार ने अल्पसंख्यकों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुये इस संबंध में पाकिस्तान सरकार से बातचीत की है ; और

(घ) यदि हां, तो यह बातचीत कब की गई और इससे प्राप्त परिणामों का विस्तृत ब्यौरा क्या है ?

विदेश मंत्री (श्री इन्द्र कुमार गुजराल): (क) जी हां ;

(ख) से (घ) भारत सरकार ने और सिख जत्थों के नेताओं ने पाकिस्तान सरकार का ध्यान पाकिस्तान में गुरुद्वारों के कथित गैर-कानूनी कब्जों और उनके समक्ष आ रही अन्य समस्याओं की ओर आकर्षित किया है।

श 14 सितम्बर, 1974 को दोनों "ों के विदेश सचिवों के बीच संपन्न धर्म-स्थानों की यात्राओं से संबंद्ध प्रोतोकोल" में दोनों पक्षों में इस बात पर सहमति हुई थी कि "इस बात का सुनिश्चय करने के लिये बराबर हर मुमकिन कोशिश की जानी चाहिये कि सहमत सूची में जिन धर्म-स्थानों का उल्लेख है, उनका समुचित रख-रखाव हो और उनकी पवित्रता की रक्षा की जाये । इस प्रकार का रख-रखाव और अनुरक्षण अनिवार्यत: संबद्ध देश का दायित्व है । तीर्थ यात्रियों ने और अन्तर्राष्ट्रीय पर्यवेक्षकों ने पाकिस्तान में गैर-मुस्लिम धर्म-स्थानों का रख रखाव ठीक न किये जाने के बारे में कुछ शिकायतें की हैं। पाकिस्तान की सरकार को इन शिकायतों की जानकारी है ।

Change in the selection of T. V. Programmes

1601. SHR1 KAMAL MORARKA: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether any change has been incorporated in the selection of T. V. programmes so that national telent may get its due share; and

(b) if so, what specific steps Government are taking to reduce the dependence on professional artistes ?

THE MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING AND PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI P. UPENDRA): (a) and (b) It is the constant endeavour of Doordarshan to tap talent all ovi r the country and accordingly such talent is featured in National Programmes, especially in Music and Dance and works of fiction. Outside producers from various parts of the country also produce programmes for Door-darshan. This also affords an opportunity for the involvement of the amateur talent available locally in the area.